हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
मेट्रो सिटी
नागपुर, शुक्रवार, 28 फरवरी 2025

## मनपा में 3 मार्च को 'लोकतंत्र दिवस'

**नागपुर.** 3 मार्च को मनपा मुख्यालय स्थित पंजाबराव देशमुख स्थायी समिति सभागृह में "लोकतंत्र दिवस" का आयोजन किया जाएगा। इस दिन लोगों की शिकायतों, समस्याओं को सुना जाएगा और उनका समाधान किया जाएगा। महाराष्ट्र सरकार की तिथि. 30 दिसम्बर, 1999 के सरकारी निर्णय के अनुसार, जनता की शिकायतों के समाधान के उद्देश्य से प्रत्येक माह के पहले सोमवार को "लोकतंत्र दिवस" के रूप में मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में जनता की शिकायतें लिखित रूप में ली जाती हैं और अगले महीने के भीतर शिकायत का समाधान कर दिया जाता है। इसके अलावा, माननीय नागपुर संभाग के विभागीय आयुक्त के निर्देशानुसार, विभागीय लोकशाही दिवस पर प्राप्त शिकायतों का निराकरण नगर पालिका ने लोकशाही दिवस पर प्राप्त शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। लोकशाही दिवस का आयोजन सिविल लाइन स्थित पंजाबराव देशमुख स्थायी समिति हॉल में किया जाएगा। उस अवसर पर, सोमवार 3 मार्च, 2025 को सुबह 10:00 बजे जोन क्रमांक 1 से 10 के माननीय चीफ ऑफ स्टाफ एवं छठे कमिश्नर को सूचना के साथ उपस्थित होने का आदेश दिया गया है।

# वडेट्टीवार ने पुणे की घटना को लेकर राज्य सरकार पर साधा निशाना

> पूछा शक्ति कानून कब लागू किया जाएगा?

**नागपुर.**

महाविकास आघाड़ी सरकार ने शक्ति कानून लाया था, लेकिन इस कानून को लागू नहीं किया जा रहा है. रेप के बाद भी अभी तक आरोपी नहीं पकड़ा गया है, जिससे राज्य में कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा हो गई है. कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने गुस्से में सरकार से पूछा कि शक्ति कानून कब लागू किया जाएगा? वडेट्टीवार ने नागपुर में मीडिया से बातचीत के बीच पुणे की घटना को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा.



पुणे के स्वारगेट स्टेशन इलाके में एक बस में 26 साल की एक लड़की के साथ यौन उत्पीड़न किया गया. इस बीच, कांग्रेस विधायक और वरिष्ठ नेता वडेट्टीवार ने राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा है कि इस घटना के बाद कानून व्यवस्था खराब हो गई है.

वडेट्टीवार ने कहा, "पुणे के एसटी स्टेशन पर हुए बलात्कार के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार है। पुणे के पुलिस कमिश्नर पहले नागपुर में थे. पुणे जाकर अपराधियों की परेड कराई, फिर क्या हुआ? क्या वे अब पुणे में हफ्ता वसूली करने में व्यस्त हैं? पुलिस का डर नहीं है इसलिए महिला उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ गई हैं. पुणे बस स्टेशन पर बस में मिले सामान से पता चलता है कि क्या बस का इस्तेमाल महिलाओं पर अत्याचार करने के लिए किया जा रहा था? रेप तब हुआ जब सिक्योरिटी गार्ड वहां मौजूद था. राज्य में गृह विभाग अपना होश खो बैठा है."

वडेट्टीवार ने कहा, "एसटी स्थानक में दुष्कर्म के बाद अब परिवहन मंत्री बैठक बुला रहे हैं, इसका कोई मतलब नहीं है. जब अपराध होता है तब सरकार जागती है। हम आने वाले सत्र में राज्य में महिलाओं के खिलाफ हिंसा की घटनाओं में वृद्धि, बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठाएंगे."

## लायंस क्लब ऑफ नागपुर ऑरेंज सिटी ने किया साड़ी वितरण

**नागपुर.** लायंस क्लब ऑफ नागपुर ऑरेंज सिटी ने जरूरतमंद महिलाओं के लिए साड़ी वितरण का आयोजन किया। यह आयोजन सेलू के सोलव फार्म में संपन्न हुआ, जिसमें 50 महिलाओं को साड़ियां वितरित की गईं। इस पहल के माध्यम से क्लब ने जरूरतमंदों की सहायता करने का अपना संकल्प पूरा किया। खास बात यह रही कि साड़ी प्राप्त कर लाभार्थी महिलाओं ने खुशी जाहिर करते हुए भजन गाए, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस क्लब के अध्यक्ष पिंटू मेहाडिया और सचिव परेश इटकेलवार ने की। अध्यक्ष ने इस अवसर पर कहा कि इस प्रकार के उपक्रमों के माध्यम से



महिलाओं के सशक्तिकरण में योगदान देने का प्रयास किया जा रहा है। साड़ी प्राप्त कर महिलाओं के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। उन्होंने कृतज्ञता प्रकट करते हुए भजन गाए, जिससे पूरा परिसर भक्ति भाव से सराबोर हो गया। लायंस क्लब ऑफ नागपुर ऑरेंज सिटी समाज सेवा के विभिन्न कार्यों में सक्रिय रूप से कार्यरत है और जरूरतमंदों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहता है। इस कार्यक्रम में राजू नानोटकर, नितिन केदार सहित क्लब के अन्य सदस्यों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अरुणा सोलव, पूनम मेहाडिया, अनीता नानोटकर, विशाखा इटकेलवार और रुपाली केदार तथा उनकी टीम ने विशेष प्रयास किए।



## नागपुर में "मराठी भाषा गौरव दिवस" का आयोजन

**नागपुर.**

मेजर हेमन्त जकाते इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड कॉमर्स, नागपुर में "मराठी भाषा गौरव दिवस" का आयोजन किया गया। मनीषा शिक्षण प्रसारक मंडल सचिव मधुसूदन मुडे और साथ ही स्कूल प्रिंसिपल शीला मुडे, कॉलेज की उप प्राचार्या मानकर उपस्थित थीं।

स्कूल प्रिंसिपल शीला मुडे ने मराठी भाषा विषय पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। विद्यार्थियों ने मराठी विषयों पर कविताएं प्रस्तुत कीं। साथ ही पगाडे और कु. लाकड़े मैडम ने अपने भाषण के माध्यम से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस परियोजना का संचालन कु गजभे मैडम ने किया। आभार प्रदर्शन कु. रंगारी मैडम ने किया.

## गुजराती ब्रह्म समाज में महाशिवरात्रि पर रुद्राभिषेक और शिवपूजन

**नागपुर.**

गुजराती ब्रह्म समाज में महाशिवरात्रि के पावनपर्व पर रूद्राभिषेक एवं शिवपुजन किया गया। पुजन के मुख्य यजमान भाग्यश्री संजय पंड्या परिवार थे, सह यजमान हिमांशु महेश शुक्ला परिवार, कीर्ति जयेश जोशी परिवार थे। पंडित चेतन महाराज त्रिवेदी ने पुजन संपन्न किया। समाज के सभी सदस्यों ने रुद्राभिषेक का लाभ लिया। इस अवसर पर ट्रस्ट मंडल के प्रमुख अधि नरेंद्र जहा, ट्रस्टी देवेंद्र दवे, समाज अध्यक्ष संजय ठाकर उपाध्यक्ष निखिलेश ठाकुर, राजेंद्र मेहता, मानदमंत्री चेतन जोशी, कोषाध्यक्ष केयूर व्यास, सह सचिव मनीष जोशी, सदस्य बृजेश व्यास,राजेश जोशी, सतीश भट्ट, महिलामंडल पूर्वप्रमुख हंसा ठाकर,



कोकिला जहां, उपाध्यक्ष वोल्गा ठाकर, सचिव विभूति दवे,नीता शुक्ला, साधना जोशी, विद्या व्यास, मयूरी जोशी, कविता व्यास, कल्पना जोशी , निधि दवे , आरती मेहता, अमी जोशी, किंजल जोशी, वीना राजगुरु, मुस्कान व्यास, युवामंडल के करण दवे, गोपाल व्यास, नीरज व्यास, अमरीश मेहता, प्रतीक शुक्ला, हार्दिक रावल, अनिल त्रिवेदी, प्रदीप देसाई, राजेश देसाई, हितेश त्रिवेदी, समाज सदस्य राजेंद्र भाई दवे, मुकेश जोशी,रजनीकांत मेहता, बटुक जोशी, ईश्वर राजगुरु, धर्मेश शुक्ला तथा बड़ी संख्या में समाज बंधुओं एवं भगिनी उपस्थित थे।

आरती के पश्चात समाज बंधुओं ने इस धार्मिक कार्यक्रम का लाभ लिया व प्रसाद ग्रहण किया। भोलेनाथ का ठंडाई प्रसाद के यजमान बृजेश व्यास परिवार थे, इस अवसर पर समाज प्रमुख संजय ठाकर ने समाज बंधुओं को आगामी कार्यक्रम सामूहिक जनोई 2मई 2025कि जानकारी देते हुए समाज बंधुओं से कार्यक्रम में उपस्थित रहकर समाज का मान बढ़ाने की अपील की, मानदमंत्री चेतन जोशी ने महाशिवरात्रि पर्व की शुभेच्छा देते हुए सभी उपस्थित समाज बांधों का आभार व्यक्त किया.

## मामूली विवाद में दोस्त की पत्थर से कुचलकर की हत्या

**नागपुर.** एमआईडीसी के ज़ोन चौक इलाके में बुधवार दोपहर एक दर्दनाक घटना सामने आई। दो दोस्तों के बीच मामूली कहासुनी ने इतना गंभीर रूप ले लिया कि एक दोस्त ने दूसरे के सिर पर पत्थर मारकर उसकी जान ले ली। मृतक की पहचान 39 वर्षीय बालू महादेव गवई के रूप में हुई है, जो एमआईडीसी की एक निजी कंपनी में काम करता था। पुलिस ने आरोपी राजू सुरेश मेश्राम (25) को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार बालू और राजू दोनों एमआईडीसी ज़ोन चौक में हमाली का काम करते थे और वहीं आसपास रहते थे। बुधवार सुबह करीब 11 बजे दोनों दोस्त काम की तलाश में ज़ोन चौक पर इकट्ठा हुए। उन्होंने साथ में शराब पी और फिर वहीं बैठ गए। इसी दौरान उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। गुस्से में राजू ने एक पत्थर उठाया और बालू के सिर पर दे मारा। बालू वहीं गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद राजू मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर एमआईडीसी पुलिस मौके पर पहुंची। शुरुआत में, प्रत्यक्षदर्शियों की कमी के कारण, पुलिस को लगा कि बालू को दौरा पड़ा होगा और वह गिर गया होगा। लेकिन अस्पताल में जांच के बाद पता चला कि उसके सिर पर गंभीर चोट लगी है।

## 6854 अधिकारियों की उपस्थिति से ऑनलाइन बैठक का बना रिकॉर्ड

> ऑनलाइन बैठक में सभी स्तरों से इतने अधिक अधिकारियों की उपस्थिति एक रिकार्ड है, जिसमें तालुका स्तर तक के अधिकारी मौजूद थे।

**नागपुर.**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 15



अधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए.

पालघर पुलिस अधीक्षक: बालासाहेब पाटिल, सतारा पुलिस अधीक्षक: समीर असलम शेख, संभाजीनगर आईजी: वीरेंद्र मिश्रा, मुंबई पुलिस कमिश्नर: विवेक फनसालकर, गृह अतिरिक्त मुख्य सचिव: इकबाल सिंह चहल, पिंपरी चिंचवड़ नगर निगम आयुक्त: शेखर सिंह, ठाणे नगर निगम आयुक्त: सौरभ राव, मुख्य



कार्यकारी अधिकारी, धुले, ज़िप: विशाल नरवाडे, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, चंद्रपुर, जेपी: विवेक जॉनसन, जिला कलेक्टर, नागपुर: विपिन इटनकर, जिला कलेक्टर जलगांव: आयुष प्रसाद, पुणे के संभागीय आयुक्त: डॉ. पुलकुंडवार, जनजातीय आयुक्त: लीना बनसोडे, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त: राजीव निवातकर, सचिव मृदा एवं जल संरक्षण: गणेश पाटिल आदि उपस्तिथ थे.

## नदी जागरूकता अभियान: नागपुर नगर निगम ने शुरू की पहल

**नागपुर.**

नदियों के बारे में नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के लिए नागपुर नगर निगम ने गुरुवार को एक विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया गया। इस अभियान के तहत इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, योगाभ्यास एवं वृक्षारोपण भी किया गया। इस अभियान के प्रति उत्साहपूर्वक प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नागरिकों ने गांधी सागर झील के पास सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योग प्रदर्शन किए। यह अभियान जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों पर राष्ट्रीय नदी संरक्षण निदेशालय कार्यक्रम के अंतर्गत नदियों के प्रति नागरिकों में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से क्रियान्वित किया गया। नागपुर नगर निगम ने नदी जागरूकता कार्यक्रम के तहत नागरिकों में नदियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने की



पहल की है। इस अभियान के प्रति उत्साहपूर्वक प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नागरिकों ने गांधी सागर झील के पास सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योग प्रदर्शन किए। इस कार्यक्रम के माध्यम से शहर में नदियों के महत्व और प्रकृति के संरक्षण का संदेश दिया गया। वृक्षारोपण नगर निगम के उद्यान विभाग ने किया। नगर निगम स्कूलों के विद्यार्थियों ने तस्वीरें लेकर इस अभियान पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। इस कार्यक्रम से प्रकृति संरक्षण, जिम्मेदारी और एकता के प्रति जागरूकता बढ़ी। यह नागपुर नगर निगम ने स्थायी संरक्षण प्रयासों की दिशा में उठाया गया एक सार्थक कदम है। इस कार्यक्रम ने नदी संरक्षण और पुनरोद्धार प्रयासों में सामुदायिक भागीदारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## ड्रम में मिली युवक की लाश, इलाके में फैली सनसनी

**नागपुर.** जरीपटका थाना क्षेत्र के समता नगर में आज सुबह एक व्यक्ति का शव प्लास्टिक के पानी के ड्रम में मिलने से हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्लॉट नंबर 25, अनवर ले-आउट, समता नगर में रहने वाले निहीलाल लखन धुर्वे (37) अपने परिवार के साथ यहां रहते हैं। रोजाना की तरह रात को खाना खाने के बाद परिवार सो गया। सुबह करीब 6 बजे जब निहीलाल गली में सफाई करने निकले, तो उन्होंने देखा कि गली में रखे नीले रंग के प्लास्टिक के पानी के ड्रम में एक व्यक्ति सिर के बल गिरा हुआ है।

घटना से घबराए निहीलाल ने तुरंत पड़ोसियों को जानकारी दी और पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची जरीपटका पुलिस ने शव को ड्रम से बाहर निकाला। इसी दौरान वहां



मौजूद एक व्यक्ति गोपाल बेसरकर ने मृतक की पहचान रितेश प्रेमचंद रामटेके (42), निवासी कौशल्या नगर, अजनी, नागपुर के रूप में की। दरअसल गोपाल मृतक रितेश का पुराना दोस्त है। वह सेल्समेन का काम करता है। रितेश के भाई का कुछ समय पहले देहात हो गया था जिसके चलते रितेश मानसिक रूप से परेशान रहने लगा था। एक दिन पहले ही रितेश ने गोपाल को फोन कर मानसिक बीमार होने का बताया और उसे अपने साथ मानकापुर स्थित मनो रुग्णालय में चलने के लिए कहा था। बुधवार सुबह वे दोनों अस्पताल में भी गए परंतु सार्वजनिक छुट्टी होने के चलते उनकी डॉक्टर से मुलाकात नहीं हो पाई। कोई काम नहीं होने के चलते तब रितेश गोपाल के साथ ही दिन भर उसकी काम की जगह पर साथ में गया और रात में उसके घर पर ही रुक गया। खाना खाने के बाद रितेश घर के बाहर ही सो गया था। बाद में रात में वह उठकर कहीं चला गया । परंतु इस बात की गोपाल को खबर तक नहीं थी। घर से करीब 400 मीटर दूर ही ड्रम के पानी में उसका शव मिला है। पुलिस ने इस मामले में अकस्मात मृत्यु का मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि मृतक ड्रम में कैसे पहुंचा और उसकी मृत्यु के पीछे की असली वजह क्या है। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## कोरटकर पुलिस सुरक्षा के बावजूद फरार

**नागपुर.**

छत्रपति शिवाजी महाराज और छत्रपति संभाजी महाराज पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में फंसे प्रशांत कोरटकर पुलिस सुरक्षा के बावजूद फरार हो गया है। कोल्हापुर पुलिस ने उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था, लेकिन नागपुर पुलिस की लापरवाही के कारण वह बचकर निकलने में सफल रहे। प्रशांत कोरटकर ने नागपुर में मीडिया के सामने आकर अपनी सफाई दी थी। उन्होंने दावा किया कि उनके नाम का दुरुपयोग किया गया है और उनकी आवाज मॉर्फ की गई है। कोरटकर ने कहा कि उन्होंने इतिहासकार इंद्रजीत सावंत को कोई फोन नहीं किया और किसी ने शरारतपूर्वक यह मामला खड़ा किया है। हालांकि, जब कोल्हापुर पुलिस ने उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था, तब भी नागपुर पुलिस ने उन पर कोई कार्रवाई नहीं की। कोरटकर खुलेआम मीडिया के सामने आकर बयान दे रहे थे, लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी रही। उन्होंने यह भी कहा कि वह साइबर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएंगे, और इसी बीच पुलिस ने यह मान लिया कि वह कहीं नहीं जाएंगे। लेकिन नागपुर पुलिस का यह भरोसा गलत साबित हुआ, और कोरटकर फरार हो गया। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। इस बीच, कोल्हापुर पुलिस को कोरटकर की गोपनीय जानकारी मिली है, जिसके आधार पर पुलिस उपनिरीक्षक संतोष गळवे के नेतृत्व में एक टीम ने कोतवाली क्षेत्र में छापेमारी शुरू कर दी है। पुलिस अब उसकी तलाश में जुटी हुई है।

## वाहनों से स्वच्छ बिजली उत्पादन की नई खोज

> नागपुर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. ढोबले और छात्र को मिला अंतरराष्ट्रीय पेटेंट

**नागपुर.**

राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग



ने महत्वपूर्ण शोध किया है। वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. संजय जानराव ढोबले और एमएससी छात्र मार्सियाना सिल्वेस्टर ने चलती गाड़ी से बिजली पैदा करने की तकनीक विकसित की



है। इस शोध को अंतरराष्ट्रीय पेटेंट प्राप्त हुआ है।

शोधकर्ताओं ने पीज़ोइलेक्ट्रिक सामग्री का उपयोग करके एक दबाव उपकरण विकसित किया है। यह डिवाइस गाड़ी चलने के दौरान बिजली पैदा करेगी। इस बिजली को संग्रहित करके वाहन चलाने में उपयोग किया जा सकता है। पीजोइलेक्ट्रिक सामग्रियां सस्ती हैं और कम लागत पर बिजली पैदा करती हैं।

इस तकनीक से बिजली उत्पादन पर्यावरण के अनुकूल है। यह कार्बन डाइऑक्साइड का उत्पादन नहीं करता है. वर्तमान में, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए आवश्यक बिजली पावर प्लांट पर निर्भर करती है। उसके लिए कोयला और पानी का उपयोग करना पड़ता है. नई तकनीक से चलती गाड़ी से ही बिजली पैदा होगी और ऊर्जा की बचत होगी। डॉ. ढोबले का यह 95वां पेटेंट है। बढ़ते प्रदूषण और नागरिकों के स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव को देखते हुए यह शोध महत्वपूर्ण होगा। राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय हमेशा सामाजिक रूप से उपयोगी शोध पर जोर देता है और इस शोध से छात्रों और विश्वविद्यालय की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।




CMYK

# राष्ट्रीय राजमार्गों के ब्लैक स्पॉट का सर्वेक्षण कर हटाने की मांग




**कोंढाली/बाजारगांव.**

नागपुर-कोंढाली-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-06/53) पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ब्लैक स्पॉट्स का सर्वेक्षण कर उन्हें हटाने की मांग उठी है। कोंढाली के उपसरपंच स्वप्निल व्यास ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के महाप्रबंधक (तकनीकी) आशीष असाटी (एआईएस) को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने कहा कि राजमार्गों का निर्माण सेफ्टी इंजीनियरिंग मानकों को ध्यान में रखते हुए किया जाता है, फिर भी कोंढाली से नागपुर के बीच कई स्थानों पर दुर्घटनाएं हो रही हैं। ऐसे में तीन वर्षों के दौरान हुई दुर्घटनाओं का डेटा एकत्र कर ब्लैक स्पॉट्स को चिह्नित किया जाए और उन्हें हटाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

17 मई को चमेली गांव के पास सड़क हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक युवा-युवती और एक महिला ने भी अपनी जान गंवाई। इस दर्दनाक घटना के बाद कोंढाली के पूर्व सभापति योगेश चाफले, पूर्व उपसरपंच स्वप्निल सिंह व्यास, दुधाला सरपंच प्रकाश गुजर, मिनीवाडा-म्हसाडा के पूर्व उपसरपंच पदम पाटील डेहणकर, बाजारगांव सरपंच तुषार चौधरी, सातनवरी सरपंच चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने ब्लैक स्पॉट हटाने की मांग की है। कोंढाली पुलिस थाना क्षेत्र में सातनवरी, बाजारगांव, शिवा फाटा, चाकडोह, रिंगनाबोडी, हरदोली, चमेली, मिनीवाडा फाटा, दुधाला, कोंढाली-वर्धा टी पॉइंट, नांदोरा फाटा, खुर्सापार-जामगढ़ जोड़ मार्ग, जुनापानी और खापरी-चंदनपारडी जोड़ मार्ग पर अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। इसके अलावा हिंगणा, कलमेश्वर और वाड़ी थाना क्षेत्र में भी ब्लैक स्पॉट्स हैं, जिनका निरीक्षण कर उन्हें हटाने की जरूरत है।

### अन्य सुधारों की भी मांग

ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि कोंढाली क्षेत्र में दोनों सर्विस रोड के किनारे ड्रेनेज सिस्टम बनाया जाए, सभी मेडियन ओपनिंग पर ज़ेब्रा क्रॉसिंग पट्टियां लगाई जाएं और आवश्यक स्थानों पर रोड रैम्लर (स्पीड ब्रेकर) लगाए जाएं। जनप्रतिनिधियों ने सरकार और राजमार्ग प्राधिकरण से अपील की है कि जल्द से जल्द ब्लैक स्पॉट्स का निराकरण किया जाए ताकि सड़क पर यात्रा करने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## काटोल/नरखे के ग्राम राजस्व अधिकारियों को शासकीय कार्यालयों की सौगात

> 49 ग्राम राजस्व अधिकारी और 10 राजस्व मंडल अधिकारी कार्यालयों के लिए ₹10.51 करोड़ की मंजूरी

> विधायक चरण सिंह ठाकुर की पहल से हुआ संभव



**काटोल/नरखेड.**

ग्राम राजस्व अधिकारी (पटवारी) का पद ग्रामीण विकास और प्रशासनिक कार्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। अब काटोल और नरखेड के राजस्व अधिकारियों को किराए के मकानों से राहत मिल जाएगी, क्योंकि उनके लिए शासकीय कार्यालयों के निर्माण की मंजूरी मिल गई है।

काटोल विधानसभा क्षेत्र के विधायक चरण सिंह ठाकुर ने इस मांग को राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के समक्ष रखा था, जिसे अब स्वीकृति मिल गई है। इसके तहत 49 ग्राम राजस्व अधिकारी (पटवारी) और 10 राजस्व मंडल अधिकारी कार्यालयों के लिए कुल ₹ 10.51 करोड़ की प्रशासकीय मंजूरी दी गई है।

काटोल तालुका में 43 पटवारी कार्यालय हैं, जिनमें से 24 पटवारी और 4 राजस्व मंडल अधिकारी कार्यालयों के लिए सरकारी भवन मंजूर किए गए हैं। इन भवनों के निर्माण के लिए ₹ 4.46 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं, नरखेड तालुका में 25 ग्राम राजस्व अधिकारी (पटवारी) और 6 राजस्व मंडल अधिकारी कार्यालयों के लिए ₹ 5.05 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। सरकारी भवन निर्माण के लिए नागपुर सार्वजनिक निर्माण मंडल अधीक्षक अभियंता को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। जल्द ही निविदा प्रक्रिया शुरू होगी और फिर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। विधायक चरण सिंह ठाकुर ने लगातार प्रशासन से संपर्क बनाए रखा, ताकि ग्रामीणों को उचित सरकारी सुविधाएं मिल सकें। उनकी इस पहल को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले का समर्थन मिला।

विधायक ठाकुर ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए सभी नेताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि जल्द ही ग्राम राजस्व अधिकारी और राजस्व मंडल अधिकारी कार्यालयों का निर्माण कार्य शुरू होगा, जिससे ग्रामीणों को सरकारी कामकाज के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

## हनुमान धाम मंदिर में महाशिवरात्रि का भव्य आयोजन

> लघुरुद्र पाठ और त्रिवेणी गंगा स्नान का भक्तों ने उठाया लाभ

**नागपुर.**

बेसा-पिपला रोड स्थित सेंट पल्लोटी स्कूल के पीछे, गोल्डन एवेन्यू होम्स लेआउट परिसर में स्थित सार्वजनिक अंजनीपुत्र श्री हनुमान धाम मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व का आयोजन अत्यंत भक्तिमय और आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर श्रद्धालु भक्तों ने अत्यंत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ चार प्रहर की दिव्य आरती में भाग लिया। रेणुका किशोर त्रिपाठी एवं उनके परिवार के नेतृत्व में लघुरुद्र पाठ का आयोजन किया गया, जिसके साथ भक्तों ने त्रिवेणी गंगा स्नान का भी लाभ उठाया। पूरे कार्यक्रम के दौरान सभी भक्तगणों ने नियमबद्ध, सद्भावपूर्ण आचरण का परिचय देते हुए अपनी शिवभक्ति का परिचय दिया। महाशिवरात्रि उत्सव का यह सफल आयोजन अथक परिश्रम, सुनियोजित व्यवस्थापन और समर्पित सेवा भावना के साथ सुधीर महाजन, सचिन पिंपळापुरे, विजय उपासे, गिरीश गिधवानी, हरीश कन्ना, राम लोभे और उनके सहयोगियों द्वारा किया गया। इस पावन पर्व के अवसर पर विशाल बानाईत और अन्य इच्छुक भक्तों द्वारा स्वेच्छा से प्रसाद वितरण भी किया गया, जिससे उपस्थित श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति हुई।



## ब्रह्माकुमारीज़ सेवा केंद्र में त्रिमूर्ति शिव जयंती पर शिव ध्वजारोहण प्रतिज्ञा

**कामठी.**

ब्रह्माकुमारीज द्वारा न्यू सद्भावना भवन में 89 वीं शिवजयंती धूमधाम से मनाई गई। परमात्मा शिव के गुणों को प्रकाशित करने हेतु अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित हुए। शिव ध्वजारोहण कार्यक्रम दीप प्रज्वलन व सांस्कृतिक प्रस्तुति से संपन्न हुआ।



इसके अलावा अनेक मंदिर , सार्वजनिक स्थलों पर चित्र प्रदर्शनी और प्रवचनों के कार्यक्रम रखे गये।

कामठी सेवाकेंद्र संचालिका ब्र. कु प्रेमलता बहन ने शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य स्पष्ट करते हुए बताया कि शिव परमात्मा की याद राजयोग का निरंतर अभ्यास हमें अपनी कर्मेंद्रियों का राजा बनाती है व हमें मनोविकारों, व्यसनों व मानसिक रोगों से मुक्ति दिला कर सकारात्मक बनाता है इसलिए उन्हें नीलकंठ कहा जाता है। शिव पर कांटों के समान चुभने वाली बातें अर्पित कर दें. महाशिवरात्रि पर्व पर हम शिवालयों में अक-धतूरा, भांग आदि अर्पित करते हैं। इसके पीछे आध्यात्मिक रहस्य यह है कि जीवन में जो कांटों के समान बुराइयां हैं, गलत आदतें हैं, गलत संस्कार हैं, कांटों के समान बोल, गलत सोच को आज के दिन शिव पर अर्पण कर मुक्त हो जाएं। हम दुनिया में देखते हैं कि दान की गई वस्तु वापस नहीं ली जाती है। इसी तरह परमात्मा पर आज के दिन अपने जीवन की कोई एक बुराई जो हमें आगे बढ़ने से रोक रही है, सफलता में बाधक है उसे शिव को सौंपकर मुक्त हो जाएं। अपने जीवन की समस्याएं, बोझ उन्हें सौंप दें। फिर आपकी जिम्मेदारी परमात्मा की हो जाएगी। एक बच्चे का हाथ जब उसके पिता पकड़कर चलते हैं तो वह निश्चिंत रहता है। इसी तरह हम भी यदि खुद को परमात्मा को सौंपकर जीवन में चलते हैं तो सदा निश्चिंत रहते हैं। परमपिता शिव इस धरा पर अवतरित होकर हम सभी विश्व की मनुष्यात्माओं को सहज राजयोग की शिक्षा दे रहे हैं। परमात्मा आह्वान करते हैं मेरे बच्चों तुम मुझ पर अपनी बुराइयों अर्पण कर दो। अपने बुरे विचार, भावनाएं, गलत आदतें शिव पर अर्पण करना ही सच्ची शिवरात्रि मनाना है।

अपने अंदर के अंधकार को मिटाकर जीवन में ज्ञान की ज्योत जगाएं। जिसे हम युगों-युगों से पुकार रहे थे, जिसकी तलाश में हमने वर्षों तक जप-तप और यज्ञ किए। आज वही भगवान इस धरा पर पुनः अवतरित हो चुके हैं। अपने पांच खोटे सिक्के अर्थात् काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार को प्रभु को अर्पण कर रोज ईश्वर के दर पर एक बार आना अर्थात् भगवान के घर में एक बार जरूर आना। भारत में 12 ज्योतिर्लिंग प्रसिद्ध हैं और गली-गली में शिवालय बने हुए हैं। इससे स्पष्ट होता है कि वह परमपिता परमात्मा कभी इस सृष्टि पर आएं हैं और विश्व कल्याण का कार्य किया है, तभी तो हम उन्हें याद करते हैं। परमात्मा का स्वरूप ज्योतिर्बिंदु है। परमात्मा के अवतरण का यादगार पर्व मनाते सकारात्मक जीवनशैली के लिये दृढ प्रतिज्ञा के साथ नारे लगायें, शिव भोलेनाथ के गीतों पर डान्स प्रस्तुत किये और शिव ध्वजारोहण किया गया|

इस अवसर पर पूर्व विधायक देवराव रडके, पंचायत समिति पूर्व उपसभापति सौ.विमल नागोराव साबळे, पूर्व सरपंच देवराव आमधरे, वैशाली डोनेकर, गट शिक्षणाधिकारी अलका सोनवाणे, प्राचार्य हनुमंत रेवतकर, प्राध्यापिका संगीता रेवतकर, अनिता मेडम, हरिहर गायधने, सुनिल भालकर, सतिश महेंद्र, अशोक पराते, मुकेश पराते, वसंता ठाकरे, घनश्याम चकोले, चंद्रशेखर डोणारकर, चंद्रभान भडंग, शेषराव अढाऊ सहित सैंकडो की संख्या मे भाई बहनो की उपस्थिती रही। कार्यक्रम में ब्र. कु. शिलू बहन, कांचन बहन और ब्र. कु. रेखा बहन ने स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन ब्र. कु. वंदना बहन ने व्यक्त किया।

## कार ने स्कूटी को मारा धक्का, 10 साल के बच्चे की मौत

### बच्चे के पिता ने लगाई न्याय की गुहार

**नागपुर.**



इतवारी दहीबाज़ार, झाड़े चौक में पिछले दिनों हुई तेज रफ्तार काली रंग की कार ने स्कूटी सवार मां-बाप-बेटा को टक्कर मार दी। हादसे में 10 वर्षीय बच्चे मुनाहिद शेख़ की मौत हो गयी। जबकि कार चालक घटनास्थल से भाग निकला।

भुक्तभोगी मुख़्तार शेख़ ने न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि 23 फ़रवरी को वे स्कूटी से निकले रात्रि में 11.30 बजे करीब दहीबाजार, झाड़े चौक में काली रंग की अज्ञात कार ने हमारी स्कूटी को जोरदार टकर मारकर जगह से रफूचक्कर होने में कामयाब रहे।

हादसे की सूचना पर पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। तत्पश्चात अज्ञात काली रंग की कार के विरुद्ध एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद 27 फ़रवरी तक भी काली रंग कार फरार है। मृतक बालक के पिता मुख़्तार शेख़ ने नाराजगी जताते हुए पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि दरअसल 23 फ़रवरी को कार एक्सिडेंट में बच्चा मुनाहिद शेख़ का निधन हो गया, परंतु 27 फ़रवरी होने पर भी फरार कार को ढूंढ पाने में असमर्थ है। उपरोक्त विषय को लेकर मुख्तार शेख़ द्वारा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, विधायक कृष्णा खोपड़े, जिलाधिकारी, पुलिस आयुक्त, चैतन्य जनता सामाजिक सुरक्षा कल्याण नागपुर, महाराष्ट्र पत्रकार भवन से जल्द से जल्द न्याय दिलाने मांग की गई है।

## नुकसान भरपाई मांग को लेकर लोकाधिकार का आमरण अनशन कल से



**कामठी.**

नयानगर में अतिक्रमण मुहिम में तोड़े गए मकानों की नुकसान भरपाई मांग को लेकर जयस्तंभ चौक पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर प्रतिमा परिसर पर लोकाधिकार परिषद के किशोर गेडाम द्वारा आमरण अनशन की शुरुआत कल शुक्रवार 1 फ़रवरी से की जा रही है।

इन्होंने बताया कि अतिक्रमण के नाम पर मकान तोड़े गए हैं। मांग पर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करने के लिए शुक्रवार से आमरण अनशन की शुरुआत की जा रही है। जिससे कि उनका ध्यान इस बुनियादी समस्या पर दिलाया जा सके। किशोर गेडाम ने बताया कि शंखलाबद्ध अनशन आंदोलन को भारी मात्रा में समर्थन मिल रहा है।

इस श्रृंखलाबद्ध अनशन को पूर्व विधायक व इंटक नेता एस. क्यूं जमा, बहुजन समाज पार्टी के राज्य के महासचिव नागोराव जयकर, राज्य के महासचिव पृथ्वीराज शेंडे, राज्य के महासचिव मंगेश ठाकरे, नागपुर जिला अध्यक्ष योगेश लांजेवार, मौदा से बसपा नेता अशोक मेश्राम आदि ने अनशण मंडप को भेट देकर समर्थन जाहीर किया।

## बोधगया महाबोधी विहार बौद्धों को सौंपा जाए

**वाडी.**

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) वाडी शहर की ओर से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें बोधगया स्थित महाबोधी विहार को बौद्ध समाज को सौंपने की मांग की गई है। यह ज्ञापन वाडी पुलिस निरीक्षक राजेश तटकरे के माध्यम से भेजा गया।

ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में महाबोधी विहार का प्रबंधन पंडितों के पास है, जबकि यह स्थल बौद्ध समुदाय के लिए अत्यंत पवित्र और ऐतिहासिक महत्व रखता है। इसलिए, इसे बौद्ध समाज के स्वामित्व में दिया जाना चाहिए। बसपा कार्यकर्ताओं ने 1949 के मंदिर अधिनियम को रद्द करने और महाबोधी विहार का संपूर्ण प्रबंधन बौद्धों को सौंपने की अपील की है। बसपा कार्यकर्ताओं ने सवाल उठाया कि जब देश में हिंदू मंदिरों का प्रबंधन हिंदुओं के पास, मस्जिदों का मुस्लिमों के पास, गुरुद्वारों का सिखों के पास और चर्च का ईसाइयों के पास है, तो फिर बोधगया के महाबोधी विहार का प्रबंधन हिंदुओं के पास क्यों है? उन्होंने इस अन्याय को समाप्त कर महाबोधी विहार को बौद्धों को सौंपने की मांग की। इसके अलावा, बोधगया में चल रहे आंदोलन को समर्थन देने की अपील की गई और हजारों लोगों से इसमें शामिल होने का आह्वान किया गया।



इस अवसर पर भंते संघकीर्ति, सुधाकर सोनपिंपळे, राजकुमार बोरकर, नितेश झटाले, नरेंद्र मेंढे, गौतम मेश्राम, कैलास गणवीर, बबलू मेश्राम, मनीष रामटेके, साहिल खोब्रागड़े सहित कई बसपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शराबी पिता की लाठी से पीट-पीटकर हत्या, बेटा गिरफ्तार

**कोंढाली.** महाराष्ट्र के कोंढाली क्षेत्र के राऊतपुरा में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे 20 वर्षीय बेटे ने अपने शराबी पिता की लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान बाबाराव मधुकरराव जयपुरकर (53) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि बाबाराव शराब का आदी था और कोई काम नहीं करता था। नशे की हालत में वह अक्सर गांव में घूमता रहता और घर में पत्नी से झगड़ा करता था। उसकी पत्नी किरण बाबाराव जयपुरकर एक निजी अस्पताल में नौकरी कर परिवार का खर्चा चला रही थी। वहीं, उनका बेटा अंशुल उर्फ गौरव जयपुरकर (20) भी एक ऑटोमोबाइल दुकान में काम करता था। महाशिवरात्रि की छुट्टी होने के कारण सोमवार को किरण जयपुरकर घर पर थी, और बेटा गौरव भी दोपहर के समय घर आया था। इसी दौरान बाबाराव शराब पीकर घर लौटा और पत्नी के साथ गाली-गलौज करने लगा। जब बेटे ने विरोध किया, तो बाबाराव उससे भी झगड़ने लगा।

## नवीन कामठी पुलिस ने अपराधिक युवक को किया तड़ीपार

**कामठी.**

कई सालों से अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहकर दहशत फैलाने वाले मदन चौक निवासी मोहम्मद हुसैन उर्फ बंटू के खिलाफ पुलिस के धारा 56 (1)(अ)(ब) के तहत जिला बदर (तड़ीपार) की कार्रवाई की गई है। अब इनको कामठी शहर से लगकर कन्हान, खापरखेड़ा, मौदा आदि स्थानों से एक साल तक बाहर रहकर जीवन यापन करना होगा।

नवीन कामठी थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले ने बताया कि शहर पुलिस के रिकार्ड में दर्जनों आदतन बदमाश के नाम दर्ज है। इसमें से कई अपराध-गुंडागर्दी की जा रही है। इस कारण संबंधित क्षेत्र में शांति व सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित होती है। इनके द्वारा वर्षो से लगातार अपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा था। पुलिस के लगातार कार्रवाई के बाद भी बंटू को कानून का भय नहीं रह गया था। उल्टे संबंधित क्षेत्र में लोग इनके आतंक से उनके खिलाफ रिपोर्ट करने या गवाही देने से भी डरने लगे थे। इसके मद्देनजर नवीन कामठी थाना वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले द्वारा बंटू पर बदर करने की राज्य सुरक्षा अधिनियम 1951 की धारा 56 (1)(अ)(ब) के तहत एक साल के लिए जिला बदर किए जाने का आदेश जारी किया। आदेश तत्काल प्रभावी से लागू हो गया है। इसके पालन के लिए संबंधित क्षेत्र के पुलिस को निर्देशित किया गया है।

इस कार्रवाई में डीसीपी अनिकेत कदम, एसीपी विशाल क्षीरसागर के मार्गदर्शन में नवीन कामठी थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले के नेतृत्व में पुलिस उपनिरीक्षक राहुल साबले, नापोशि दीप्ति मोटघरे, मपोशि राजश्री एलपुलवार, पोशि विकास उईके, पोह विजय ठवारे ने अंजाम दिया है।

## श्री क्षेत्र आदासा में रविवार को सामूहिक अथर्वशीर्ष पाठ

**नागपुर.**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी की संकल्पना से रविवार, 2 मार्च को श्री क्षेत्र आदासा में सामूहिक श्री गणपति अथर्वशीर्ष पाठ का आयोजन किया गया है।

इस कार्यक्रम की शुरुआत रविवार सुबह 7:15 बजे होगी, और भक्तों से अनुरोध किया गया है कि वे सुबह 7 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर पहुंच जाएं। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी स्वयं अपने परिवार के साथ उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में श्री गणपति अथर्वशीर्ष स्तोत्र का 21 बार सामूहिक पाठ किया जाएगा, जिसके बाद आरती संपन्न होगी। आयोजन समिति ने नागपुर शहर और ग्रामीण क्षेत्र के सभी भक्तों को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। संस्थाएं, संगठन, धार्मिक प्रतिष्ठान और श्रद्धालु अपने परिवार सहित व्यक्तिगत रूप से भी इस पावन आयोजन में भाग ले सकते हैं।



भक्त अपने निजी वाहनों से कार्यक्रम स्थल तक पहुंच सकते हैं। आयोजन समिति ने भक्तों से आग्रह किया है कि वे इस अवसर पर पारंपरिक वेशभूषा धारण करके आएं।

श्री गणपति अथर्वशीर्ष पाठ समारोह में अधिकाधिक गणेश भक्तों की भागीदारी हो, इसके लिए आयोजन समिति द्वारा विशेष अपील की गई है।

इस आयोजन से संबंधित अधिक जानकारी के लिए केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी के खामला चौक स्थित जनसंपर्क कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

### शाम को भक्तिगीतों की शानदार प्रस्तुति

रविवार, 2 मार्च की शाम 6 बजे सुप्रसिद्ध गायक मुग्धा वैशंपायन और प्रथमेश लघाटे के भजन एवं भक्तिगीतों का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह आयोजन धापेवाड़ा में नदी किनारे के खुले प्रांगण में संपन्न होगा।

## महाशिवरात्रि पर विधायक आशीष देशमुख ने प्राचीन शिव मंदिर में दी सौजन्य भेंट



**सावनेर.**

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सावनेर के प्रसिद्ध प्राचीन हेमांडपंथी शिव मंदिर, जिसे "यमराज का ससुराल" भी कहा जाता है, में सावनेर-कलमेश्वर विधानसभा के विधायक डॉ. आशीषबाबू देशमुख ने सौजन्य भेंट की और पौराणिक शिवलिंग के दर्शन किए।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव पोद्दार, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष मनोहर कुंभारे और पूर्व नगर अध्यक्ष अरविंद लोधी भी उपस्थित रहे। मंदिर में विधायक का स्वागत महादेव देवस्थान ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रशेखर बरेठीया ने शॉल, श्रीफल और पौराणिक ग्रंथ "जैमिनी अश्वमेध" भेंट कर किया।मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष ने विधायक एवं अन्य मान्यवरों को इस प्राचीन शिव मंदिर के पौराणिक महत्व की जानकारी दी। इस दौरान ट्रस्ट के अन्य सदस्य नरसिंह हजारी, किशोर गुरहरिकर, एडवोकेट भूपेंद्र पूरे, सचिव लवकेश सेवक, दिलीप वर्मा, सोमचंद सेवक, रामराव मोवड़े और राजेश खंगारे सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तों ने

# ड्राई जोन क्षेत्र में हुई वृद्धि; पांच तहसीलों में भूजल स्तर में बड़ी गिरावट

## > भूजल पुनर्भरण के प्रयास आवश्यक

**अमरावती.**

बड़ी मात्रा में भूजल भंडार का उपयोग कृषि एवं घरेलू कार्यों में किये जाने के कारण जल स्तर दिन-ब-दिन गिरता जा रहा है। जिले में पिछले तीन वर्षों में यह औसत से भी अधिक गिर गया है। जिले में ड्राईजोन का दायरा भी बढ़ रहा है। अत: भविष्य की दृष्टि से शुष्क क्षेत्र में प्राथमिकता से भूजल पुनर्भरण के प्रयास किये जाने चाहिए।



इसके अलावा जिन स्थानों पर जल स्तर गहरा हो गया है वहां जलयुक्त शिवार जैसी योजनाओं के माध्यम से जल संरक्षण के कार्यों के साथ-साथ बांधों से गाद निकालना, नए बांधों का निर्माण जैसे कार्य भी भूजल संवर्धन के लिए बहुत लाभकारी हो सकते हैं। इसके लिए जनभागीदारी भी उतनी ही जरूरी है। पिछले कुछ महीनों में जिले में भूजल की स्थिति को देखते हुए, पांच तहसीलों चिखलदरा, चांदुर रेलवे, धामनगांव रेलवे, नंदगांव खंडेश्वर, मोर्शी में जल स्तर कम हुआ है। जबकि भातकुली का जल स्तर स्थिर है। पिछले अक्टूबर के आंकड़ों के अनुसार, अमरावती, अचलपुर, चांदुर बाजार, अंजगांव सुर्जी, दर्यापुर, वरुड में जल स्तर बढ़ गया है। दिलचस्प बात यह है कि पिछले तीन वर्षों में औसत से अधिक बारिश होने के कारण जिले का जल स्तर 0.90 मीटर बढ़ गया है।

### जल स्तर गहरा हो गया है।

जीएचडीए ने निष्कर्ष निकाला है कि पिछले कुछ वर्षों में ड्राईज़ोन क्षेत्र में वृद्धि के कारण जल स्तर गहरा हो गया है। पिछले तीन वर्षों में जिले में औसत से बेहतर बारिश हुई है। इससे अचलपुर, चांदूर बाजार, अंजनगांव सुर्जी, अमरावती तहसील में जलस्तर काफी बढ़ गया है। हालांकि पिछले तीन वर्षों में जिले में जल स्तर 0.80 मीटर बढ़ गया है, लेकिन 14 में से पांच तहसीलों में जल स्तर कम हो गया है। इससे जमीन से पानी का अवशोषण बढ़ रहा है। इसलिए, शुष्क क्षेत्र और अन्य तहसीलों में जल संरक्षण पर जोर देने के लिए लोगों की भागीदारी बढ़ाना आवश्यक है। जल स्तर को बढ़ाने के लिए यदि जल संरक्षण के माध्यम से पानी को जमीन में सोखने का उपाय किया जाए तो निर्धारित जल स्तर को बढ़ाया जा सकता है।

# मुख्य मार्ग के गड्ढों को भरने की मांग

## > राष्ट्रवादी महिला कांग्रेस ने दिया नपा मुख्याधिकारी को ज्ञापन

**हिंगनघाट.**



शहर के डॉ. मुजुमदार वार्ड में दर्गा के पास मुख्य सड़क पर बने गड्ढों को तुरंत भरने की मांग को लेकर राष्ट्रवादी महिला कांग्रेस (शरदचंद्र पवार पक्ष) के पदाधिकारियों ने नगर परिषद मुख्याधिकारी को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन प्रदेश सरचिटणीस अतुल वांदिले के मार्गदर्शन में दिया गया।

मुख्य सड़क पर बने गड्ढों के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर डॉ. मुजुमदार वार्ड से कारंजा चौक की ओर जाने वाले मार्ग पर एक बड़ा गड्ढा बन गया है, जिससे कई वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं।

दिन के समय तो लोग किसी तरह गड्ढे से बचकर निकल जाते हैं, लेकिन रात में यह गड्ढा नजर नहीं आता, जिससे दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ रही है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए राष्ट्रवादी महिला कांग्रेस (शरदचंद्र पवार पक्ष) की हिंगणघाट शहर कार्याध्यक्ष सीमा तिवारी ने नगर परिषद को ज्ञापन सौंपते हुए गड्ढों को तुरंत भरने की मांग की, ताकि स्थानीय नागरिकों को राहत मिल सके। इस दौरान जिला सरचिटणीस सुजाता जांभुलकर, जिला उपाध्यक्ष मीना सोनटक्के, ओबीसी शहर अध्यक्ष आंचल वकील, शहर उपाध्यक्ष दीपाली रंगारी, अमित रंगारी, दिनेश भुते, सूरज मडावी, नयन पढ़रे, बेबी कुडमथे, कविता कोंबे, अब्दुल कलाम अजीज, समीर शेख, रझिया शेख, प्रेमनारायण तिवारी, नसीम शेख, रश्मि ठाकरे, मुकेश काशीनिवाल, शोभाताई तिवारी, शेख रज्जाक, जावेद पटेल समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नगर परिषद प्रशासन से इस समस्या का शीघ्र समाधान करने की अपील की गई है, ताकि नागरिकों को दुर्घटनाओं से बचाया जा सके और यातायात सुगम हो सके।

# महाशिवरात्रि पर शिवाभिषेक और महापूजा का आयोजन संपन्न

**वर्धा.**



महाकाली धामतीर्थ में बुधवार, 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य शिवाभिषेक और महापूजा का आयोजन किया गया। महाकाली धरण के तट पर स्थित जागरूक शिव मंदिर में यह अनुष्ठान संपन्न हुआ।

जय महाकाली सेवा मंडल के अध्यक्ष पंडित शंकरप्रसादजी अग्निहोत्री ने भगवान शिव का विधिवत अभिषेक किया।

यह मंदिर सौ वर्षों के इतिहास का साक्षी रहा है। पहले जब पुराना मंदिर नहर में डूब गया था, तब जय महाकाली सेवा मंडल द्वारा इस नए मंदिर का निर्माण किया गया। 1991 से यहां नियमित रूप से पूजा-अर्चना और शिवाभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। महाशिवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पंडित शंकरप्रसादजी अग्निहोत्री ने कहा कि दृष्टि, दृष्टा और दृश्य के समन्वय से विवेकी दृष्टि प्राप्त करना ही महाशिवरात्रि का वास्तविक अर्थ है। इस शुभ अवसर पर बाबुलाल दिग्रसे, राघोबा कोरडे, बाबाराव महाजन, चंद्रभान आसोले, अनिल बोडखे, गणेश काले सहित अनेक श्रद्धालु भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भगवान शिव की आराधना की। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्ति और आस्था का वातावरण बना रहा, जिसमें श्रद्धालुओं ने शिवजी की महिमा का गुणगान किया और आशीर्वाद प्राप्त किया।

# विद्यार्थियों को मराठी भाषा का स्वाभिमान रखना चाहिए: धात्रक

**हिंगनघाट.**

मराठी भाषा वास्तव में महाराष्ट्र की पहचान है, और प्रत्येक विद्यार्थी को इस भाषा का स्वाभिमान बनाए रखना चाहिए। मराठी भाषा को अधिक समृद्ध बनाने के लिए सभी को प्रयास करने चाहिए। विद्यार्थियों को अपनी भाषा और वाणी को शुद्ध करने की कोशिश करनी चाहिए, क्योंकि शब्द तलवार की धार की तरह प्रभावशाली होते हैं। इसलिए, हमें अपने शब्दों का प्रयोग सोच-समझकर करना चाहिए ताकि मराठी भाषा सही मायने में समृद्ध हो सके। ये विचार भारत माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालय की शिक्षिका शुभांगी धात्रक ने व्यक्त किए। वे भारत विद्यालय, हिंगनघाट में ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता साहित्यकार कुसुमाग्रज के जन्मदिन पर आयोजित 'जागतिक मराठी भाषा दिवस' के कार्यक्रम में बोल रही थीं।



इस अवसर पर मंच पर विद्यालय के मुख्याध्यापक हरीश भटटड, उपमुख्याध्यापक किशोर चवरे, पर्यवेक्षक विनोद नांदुरकर सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपमुख्याध्यापक किशोर चवरे ने कहा कि मराठी भाषा को हाल ही में अभिजात भाषा का दर्जा प्राप्त हुआ है, फिर भी इसके संवर्धन की आवश्यकता बनी हुई है। मराठी भाषा का साहित्यिक इतिहास बहुत विशाल और समृद्ध है। इसी भाषा में संत परंपरा देखने को मिलती है और इसी भाषा ने कुसुमाग्रज, बा.भ. बोरकर, शांता शेळके, केशवसुत, गो.नि. दांडेकर, पी.के. अत्रे, पु. ल. देशपांडे जैसे महान साहित्यकार दिए हैं। इसके अलावा रणजीत देसाई, शिवाजी सावंत, बाबासाहेब पुरंदरे जैसे ऐतिहासिक साहित्यकार भी इसी भाषा में रचे-बसे हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज की युवा पीढ़ी को मराठी साहित्य की पहचान कराना बेहद जरूरी है। केवल मराठी बोलना ही नहीं, बल्कि अपने आचार-विचार और जीवनशैली में भी इसे अपनाना चाहिए। मराठी भाषा की समृद्धि की जिम्मेदारी आज की पीढ़ी पर है, जिसे कथाकथन, कविता वाचन, परिच्छेद वाचन, नाट्य प्रस्तुति, मराठी गीतों के माध्यम से आगे बढ़ाया जा सकता है। हमें ही विद्यार्थियों को मराठी भाषा की समृद्ध विरासत से परिचित कराना होगा। इस अवसर पर कक्षा 5 से 8 तक के विद्यार्थियों ने सामूहिक गीत, बहिणाबाई चौधरी की कविताओं का पाठ, मराठी पोवाडा और भाषण प्रस्तुत किए। संगीत शिक्षक पवन लोहकरे ने मराठी गीत की प्रस्तुति दी। इस दौरान विद्यार्थियों ने सुंदर पारंपरिक मराठी वेशभूषा धारण की थी। कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन शिक्षिका अर्चना सुरमाप ने किया।

# दर्शन के लिए आए भक्तों पर मधुमक्खियों ने दो बार किया हमला

## > 100 से अधिक श्रद्धालु घायल



**बुलढाणा.**

मेहकर से जालना रोड पर पिंपलगांव लेंडी फाटक के पास स्थित निर्मलेश्वर संस्थान तीर्थ में महाशिवरात्रि के अवसर पर शुरू यात्रा में मधुमक्खियों ने नागरिकों को पर हमला कर दिया। इस हमले में 100 से अधिक लोग घायल हुए।

बुधवार सुबह करीब 10 बजे और दोपहर 3 बजे के बीच दो बार हुए मधुमक्खियों के हमलों में 100 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। इनमें से 15 गंभीर रूप से घायल हैं। मधुमक्खियों ने सड़क से गुजर रहे बाइक चालकों को भी डंक मार दिया।

मधुमक्खियों को तितर-बितर करने के लिए टिपर वाहन से धुआं किया गया। इसी दौरान अचानक मधुमक्खियों के हमले से यात्रा में अफरा-तफरी मच गयी।

हमले में घायल हुए लोगों को जालना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और कुछ का इलाज सिंदखेडराजा सरकारी अस्पताल में चल रहा है।

# नंदोरी चौक स्थित झुलेलाल सुपरमार्केट में चोरी

**हिंगनघाट.** शहर के नंदोरी चौक स्थित झुलेला सुपरमार्केट में अज्ञात चोर ने शटर का ताला तोड़कर 30 हजार रुपए की नकदी चुरा ली। यह घटना 26 फरवरी की रात सामने आई, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, झुलेला सुपरमार्केट के मालिक विशाल जेसवानी ने 25 फरवरी की रात करीब 11 बजे अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे। दुकान में चिल्लर के साथ-साथ 30 हजार रुपए की नकदी भी रखी हुई थी। अगले दिन जब दुकान खोली गई, तो शटर का ताला टूटा हुआ मिला और नकदी गायब थी। घटना की जानकारी मिलते ही विशाल जेसवानी ने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी की पहचान हो सके।

# परडा के मनोहर बारई का बोस्टन अमेरिका मैराथन के लिए चयन

**हिंगनघाट.**

परडा गांव के निवासी और भारतीय सेना में 17 वर्षों तक सेवा देने वाले मनोहर बारई का चयन विश्व प्रसिद्ध बोस्टन अमेरिका मैराथन के लिए हुआ है। उनके इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है और सभी ओर से उनका अभिनंदन किया जा रहा है।

दिल्ली में 23 फरवरी को आयोजित अपोलो मैराथन में उन्होंने हिस्सा लिया था, जहां से उन्हें बोस्टन मैराथन के लिए चुना गया। इस प्रतियोगिता में उन्होंने 42.195 किलोमीटर की दौड़ को 3 घंटे 22 सेकंड में पूरा किया। बोस्टन मैराथन के लिए चयनित होने का समय मानक 3 घंटे 5 मिनट था, जिसे काफी करीब से पार करते हुए उन्होंने अपनी जगह सुनिश्चित की। मनोहर बारई वर्तमान में भारतीय स्टेट बैंक, ब्रम्हपुरी में कार्यरत हैं। उन्होंने नागपुर के एनआईएस कोच डॉ. सुनील कापगाते से मैराथन का



प्रशिक्षण लिया था। उनके इस चयन पर पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है और हर ओर से उन्हें शुभकामनाएँ दी जा रही हैं।

बोस्टन अमेरिका मैराथन विश्व की सबसे प्रतिष्ठित मैराथन स्पर्धाओं में से एक है, और इसमें चयनित होना किसी भी धावक के लिए गौरव की बात होती है। मनोहर बारई की इस सफलता से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है।

# आईसीएमआर की रिपोर्ट में बालों के झड़ने का कारण निकला सेनेलियम

**बुलढाणा.**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने आखिरकार प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बुलढाणा जिले में बाल झड़ने की समस्या के कारण का खुलासा कर दिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने जानकारी दी है कि आईसीएमआर द्वारा किए गए शोध में सेनेलियम को बालों के झड़ने का कारण पाया गया है। उन्होंने कहा कि आईसीएमआर की प्रारंभिक रिपोर्ट में बताया गया है कि गंजेपन का कारण सेनेलियम है। प्रतापराव जाधव ने यह भी कहा कि इस गंजेपन की बीमारी का कारण बने सेनेलियम युक्त गेहूं को जब्त करने की फिलहाल कोई जरूरत नहीं है। प्रतापराव जाधव ने कहा कि बाल झड़के के कारणों की प्रारंभिक रिपोर्ट में जिंक की कमी और सेनेलियम की मात्रा अधिक बताई गई है। अब इस पर चिकित्सा एजेंसियां विस्तृत रिपोर्ट पेश करेंगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल गहन जाँच शुरू है।

# समृद्धि हाईवे पर दो दुर्घटनाएं

## > पांच लोग गंभीर रूप से घायल

## > चालकों को नींद लगने से हुए हादसे

**बुलढाणा.**



नागपुर से मुंबई जाने वाले समृद्धि हाईवे पर आज तड़के दो दुर्घटनाएं हुईं। इन दोनों भीषण सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसे इतने खतरनाक थे कि लोगों की जान भी जा सकती थी। लेकिन गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।

समृद्धि हाईवे पर नागपुर से मुंबई जा रही एक वैगनआर कार के ड्राइवर को नींद आ गई और उसने पीछे से एक अज्ञात ट्रक को टक्कर मार दी। इस हादसे में कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, दूसरा हादसा सुबह 6.30 बजे समृद्धि हाईवे पर मुंबई कॉरिडोर पर हुआ। हादसे में अर्टिगा कार के ड्राइवर नवी मुंबई निवासी संजय संतोष त्रिपाठी अपने दोस्त के परिवार के साथ प्रयागराज से नवी मुंबई की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कार चालक को नींद आ गई, जिसमें कार अनियंत्रित हो गई और पहले बाईं तरफ के क्रैश बैरियर से टकराई और फिर कार पलट गई। इस कार में कुल 9 यात्री सवार थे।

### गंभीर रूप से घायल हुए

दूसरे हादसे में संजय गुप्ता, उनकी पत्नी सुनीता संजय गुप्ता और ज्योति दिलीप गुप्ता सभी गंभीर रूप से घायल हुए। सभी को इलाज के लिए जालना के अस्पताल में भेजा गया है। वहीं दुर्घटनाग्रस्त वाहन को क्रेन की मदद से किनारे हटवाकर यातायात सुचारू कराया गया। आगे की जांच आगे की जांच पुलिस थाना सिदनखेड़ाराजा द्वारा की जा रही है।

# महाकुंभ कलश पूजन कार्यक्रम संपन्न

**सेवाग्राम.** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर खापेकर लेआउट, खरांगणा (गोडे) मार्ग स्थित हनुमान मंदिर में महाकुंभ कलश पूजन का कार्यक्रम 26 फरवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के महिला एवं पुरुष भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना की गई, आरती और प्रसाद वितरण के पश्चात भक्तों ने कलेश पूजन कर माँ गंगा का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान पूरा माहौल भक्ति और श्रद्धा से भर गया था। यह महाकुंभ कलश अनुलोम सेवा संस्थान के गौरव गावंडे और प्रशांत मोर्चे द्वारा प्रदान किया गया था, जिसके लिए आयोजकों ने उनका आभार व्यक्त किया। विठ्ठल-रुक्मिणी वारकरी भजन मंडल, खापेकर लेआउट, सेवाग्राम के अथक प्रयासों से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की सफलता के लिए विनायक खापेकर, राजू राखुंडे, सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# रोटरी की 120वीं वर्षगांठ पर रोटरी सप्ताह उत्साहपूर्वक संपन्न

**हिंगनघाट.**

रोटरी क्लब हिंगनघाट द्वारा रोटरी की 120वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 16 से 23 फरवरी 2025 तक रोटरी सेवा सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला सशक्तिकरण, चिकित्सा शिविर, सड़क सुरक्षा जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण और रक्तदान शिविर जैसे समाजोपयोगी प्रकल्प सफलतापूर्वक आयोजित किए गए। क्लब अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने बताया कि ये पहलें समाज के कल्याण के प्रति क्लब की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं और सामुदायिक विकास में योगदान देने के संकल्प को मजबूत करती हैं।




पहले दिन इनरव्हील क्लब ऑफ हिंगनघाट के सहयोग से गीमाटेक्स में महिलाओं के लिए व्याख्यान आयोजित किया गया। वक्ताओं नैना तुलसकर और संगीता गडवार ने महिलाओं को सशक्त बनने और आत्मनिर्भरता की प्रेरणा दी। इसी दौरान प्रतीक्षा गांजरे का महाराष्ट्र महिला क्रिकेट टीम में चयन होने पर उसे सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की प्रोजेक्ट डायरेक्टर मंजूषा मुले और प्रतिभा वांढरे थीं। इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष डॉ. रूपल कोठारी और अन्य सदस्यों ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दूसरे दिन विद्या विकास विद्यालय में बच्चों के लिए सुरक्षित-असुरक्षित स्पर्श पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें प्रोजेक्ट डायरेक्टर माया मिहानी और अर्चना झालटे थीं। रोटेरियन माया मिहानी ने बच्चों को इस विषय पर जागरूक करने के महत्व को बताया, जबकि अर्चना झालटे ने उदाहरण देकर अच्छे और बुरे स्पर्श की जानकारी दी। तीसरे दिन भारत स्कूल में पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। रोटरी के पूर्व अध्यक्ष मुरली लाहोटी ने पॉलिथीन के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी और उपस्थित लोगों को "पॉलिथीन मुक्त, स्वच्छ व स्वस्थ हिंगनघाट" के लिए शपथ दिलाई। चौथे दिन शिव जयंती उत्सव के अवसर पर शिवाजी गार्डन में बीपी और शुगर जांच शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 174 लोगों की जांच की गई और कुछ लोगों में पहली बार उच्च शुगर स्तर पाया गया। इसी तरह, बेघर निवारा में भी बीपी, शुगर और सामान्य चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की सफलता में डॉ. सतीश डांगरे, विवेक तडस, मितेश जोशी और उदय भोकरे का विशेष योगदान रहा। पांचवें दिन सड़क सुरक्षा एवं ट्रैफिक नियमों पर व्याख्यान आयोजित किया गया। प्रोजेक्ट डायरेक्टर शाकिर खान पठान के मार्गदर्शन में लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने और दोपहिया-चारपहिया वाहन चलाते समय सावधानी बरतने के प्रति जागरूक किया गया। छठे दिन ज्ञानदा स्कूल, सातेफल में प्लेनेट ऑय ऑप्टिकल के सहयोग से नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। इसमें 400 से अधिक विद्यार्थियों की आंखों की जांच की गई, और जरूरतमंद विद्यार्थियों को निःशुल्क चश्मे प्रदान किए जाएंगे। प्लेनेट ऑय के मालिक प्रज्वल जांबुटकर ने भविष्य में भी रोटरी के प्रोजेक्ट में निःशुल्क नेत्र जांच का आश्वासन दिया। सातवें दिन डॉ. मानधनिया हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 32 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस प्रकल्प की प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. गोपाल मानधनिया, सचिव सुभाष कटारिया, केदार जोगलेकर और पंकज देशपांडे थे। रोटरी फाउंडेशन के लिए दान जागरूकता अभियान भी चलाया गया, जिसके प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. अशोक मुखी थे। उन्होंने सदस्यों को $10 से दान शुरू करने के लिए प्रेरित किया और बताया कि यह धनराशि वैश्विक स्तर पर जरूरतमंदों की सेवा के लिए उपयोग होती है। रोटरी सप्ताह के इन विविध कार्यक्रमों को सफल बनाने में सचिव सुभाष कटारिया, उदय शेंडे, क्लब कोषाध्यक्ष प्रभाकर साटोने, प्रणय डागा, अशोक बोंगीरवार, मुकुंद मुंधडा, पीतांबर चंदानी, सुरेश चौधरी, अभिजीत बिड़कर, राम कोटेवार सहित अन्य रोटरी सदस्यों ने अहम योगदान दिया। रोटरी क्लब हिंगनघाट द्वारा आयोजित यह सेवा सप्ताह समाज कल्याण और सामुदायिक विकास के प्रति क्लब की प्रतिबद्धता का प्रतीक बना।

# स्कूल ऑफ स्कॉलर्स में 'मराठी भाषा गौरव दिवस' मनाया गया

**हिंगनघाट.**

वरिष्ठ कवि विष्णु वामन शिरवाडकर उर्फ कुसुमाग्रज की जयंती के अवसर पर स्कूल ऑफ स्कॉलर्स, हिंगणघाट में 'मराठी भाषा गौरव दिवस' बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। पूरे महाराष्ट्र में मराठी भाषा के महत्व को पहचानते हुए, विद्यालय ने इस दिन को खास अंदाज में मनाने की पहल की।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्या सुश्री शिल्पा चौहान, प्राथमिक विभाग की पर्यवेक्षक ममता दायमा और शैक्षिक समन्वयक सारिका नरड द्वारा कुसुमाग्रज के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर की गई।




मराठी भाषा हमारे इतिहास, संस्कृति और परंपराओं की धरोहर है। हाल ही में मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने पर भी गर्व व्यक्त किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में मराठी सप्ताह का आयोजन किया गया, जिसमें मराठी संस्कृति, साहित्य और परंपराओं पर केंद्रित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें वक्तृता प्रतियोगिता, कुसुमाग्रज कविता गायन, निबंध लेखन, हस्तलेखन, व्याकरण आधारित फ्लैश कार्ड प्रदर्शनी और कहानी सुनाने की प्रतियोगिता शामिल थीं। प्रधानाचार्या शुश्री शिल्पा चौहान ने अपने संबोधन में मराठी भाषा के गौरवशाली इतिहास और उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए सभी को मराठी भाषा गौरव दिवस की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय की पर्यवेक्षक श्रीमती ममता दायमा और सहायक प्रशासनिक अधिकारी प्रदीप जोशी ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

